## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 20.7.26 | 3 | 8 |

### एचएयू: दूसरे चरण की प्रवेश परीक्षा संपन्न



हिसार| चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए दूसरे चरण की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। विश्वविद्यालय और हिसार शहर में कुल 8 परीक्षा केंद्र बनाए गए, जहां व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के लिए विशेष निरीक्षण दल तैनात किए गए। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने केंद्रों का दौरा कर परीक्षार्थियों की सुविधा और परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उम्मीदवार की फोटोग्राफी कराई गई। 4188 विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए थे, जिनमें से 88.68 प्रतिशत की उपस्थिति दर्ज की गई।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 20.7.26 | 4 | 2-6 |

# छह पाठ्यक्रमों के लिए 3,715 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

## एचएयू प्रवेश परीक्षा : कुलपति ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, परिणाम जल्द होगा जारी



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए । स्रोत आयोजक

माई सिटी रिपोर्टर

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में विभिन्न स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित दूसरे चरण की प्रवेश परीक्षा रविवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा में 4,188 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए थे जिनमें से 3,715 ने परीक्षा दी यानि 88.68 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई।

परीक्षा बीएफएससी (चार वर्षीय), बीएससी एग्रीकल्चर (छह वर्षीय), बीएससी कम्युनिटी साइंस (चार वर्षीय), एमएससी एग्रीकल्चर, एमएससी कम्युनिटी साइंस, एमएफएससी व एमटेक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित की गई थी।

विश्वविद्यालय परिसर सहित हिसार शहर में कुल आठ परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा को निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए विशेष निरीक्षण दल गठित किए गए थे। सभी केंद्रों पर निरीक्षण के साथ प्रत्येक अभ्यर्थी की फोटोग्राफी भी कराई गई। कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा के परिणाम जल्द घोषित किए जाएंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों से अपील की है कि प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित नवीनतम जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर नियमित रूप से अपडेट देखते रहें।

## सुपर-100 : जिले 135 विद्यार्थियों ने दी लेवल-2 परीक्षा

हिसार। हरियाणा शिक्षा विभाग के सुपर-100 कार्यक्रम के तहत शनिवार को कुरुक्षेत्र में लेवल-2 प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। हिसार जिले के 135 मेधावी विद्यार्थियों ने भाग लिया। ये सभी विद्यार्थी लेवल-1 परीक्षा में सफल होने के बाद दूसरे चरण के लिए चयनित हुए थे। परीक्षा केंद्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।

इससे पहले जिले में आयोजित लेवल-1 परीक्षा के लिए 221 विद्यार्थियों का चयन हुआ था। इनमें 176 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 45 अनुपस्थित रहे। लेवल-1 के परिणाम के आधार पर 135 विद्यार्थियों ने लेवल-2 में स्थान बनाया।

सुपर-100 कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी स्कूलों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को जेईई, नीट व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निशुल्क और गुणवत्तापूर्ण कोचिंग उपलब्ध कराना है।

चयनित विद्यार्थियों को अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन, अध्ययन सामग्री और बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान किया जाता है। शिक्षा विभाग के अनुसार लेवल-2 परीक्षा का परिणाम 23 जुलाई को घोषित किया जाएगा। अंतिम रूप से चयनित विद्यार्थियों की सुपर-100 कक्षाएं 25 जुलाई से शुरू होंगी। परिणाम को लेकर विद्यार्थियों और अभिभावकों में उत्साह और उत्सुकता बनी हुई है। संवाद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 20.7.26 | 5 | 1 |

## हकृवि में दाखिले के लिए विद्यार्थियों ने दी प्रवेश परीक्षा

जासं • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दूसरे चरण की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। यह परीक्षा बीएफएससी चार वर्षीय कोर्स, बीएससी एग्रीकल्चर छह वर्षीय कोर्स, बीएससी कम्युनिटी साइंस चार वर्षीय कोर्स, एमएससी एग्रीकल्चर, एमएससी कम्युनिटी साइंस, एमएफएससी व एमटेक में दाखिले के लिए आयोजित की गई थी। पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए कुल 4188 विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए। इस परीक्षा में परीक्षार्थियों की 88 .68 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया । कुलपति ने परीक्षार्थियों की सुविधा व परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 20.7.26 | 4 | 1-2 |

# हकृवि के विभिन्न कोर्सों में दाखिले के लिए दूसरे चरण की प्रवेश परीक्षा संपन्न



*कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते*

## परीक्षा में उम्मीदवारों की 88.68 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई

हिसार, 19 जुलाई (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दूसरे चरण की प्रवेश परीक्षा संपन्न हुई। यह परीक्षा बी.एफ.एस.सी. चार वर्षीय कोर्स, बी.एस.सी. एग्रीकल्चर छ: वर्षीय कोर्स, बी.एस.सी. कम्युनिटी साइंस चार वर्षीय कोर्स, एम.एस.सी. एग्रीकल्चर, एम.एस.सी. कम्युनिटी साइंस, एम.एफ.एस.सी. व एमटेक में दाखिले के लिए आयोजित की गई थी।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा करते हुए परीक्षार्थियों की सुविधा व परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 8 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे।

परीक्षा के सफल आयोजन हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण दलों का भी गठन किया गया था, जिन्होंने सभी केन्द्रों पर जाकर निरीक्षण किया। परीक्षा के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की गई। उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 4188 विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए। इस परीक्षा में परीक्षार्थियों की 88.68 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 20.7.26 | 12 | 1 |



## हकृवि में दाखिले के लिए दूसरे चरण की हुई परीक्षा

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दूसरे चरण की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। यह परीक्षा बीएफएससी चार वर्षीय कोर्स, बीएससी एग्रीकल्चर छह वर्षीय कोर्स, बीएससी कम्युनिटी साइंस चार वर्षीय कोर्स, एमएससी एग्रीकल्चर, एमएससी कम्युनिटी साइंस, एमएफएससी व एमटेक में दाखिले के लिए आयोजित की गई थी। विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए थे।